**SAMPLE NOTEBOOK OF JANUARY'2021**

**GRADE III**

## पाठ- 15 स्वास्थ्य सबसे बड़ा वरदान

**नीचे दिए शब्दों के अर्थ लिखकर कोई दो शब्दों के वाक्य बनाइए :-**

**महत्वपूर्ण** - ज़रूरी, आवश्यक

**पौष्टिक** - पोषण से भरपूर

**स्वादिष्ट** - स्वाद से भरपूर

**स्मरण करना** - याद करना

1. **महत्वपूर्ण -** स्वस्थ दिनचर्या हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है|
2. **पौष्टिक -** हरी सब्जियों में पौष्टिक तत्व मौजूद होते हैं|

**प्रश्न 1 प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**क) सबसे बड़ा सुख क्या है?**

उत्तर सबसे बड़ा सुख निरोगी काया है|

**ख) अस्वस्थ व्यक्ति का स्वभाव कैसा हो जाता है?**

उत्तर अस्वस्थ व्यक्ति का स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाता है तथा उसे किसी भी कार्य में आनंद नहीं आता है|

**ग) हमारे स्वास्थ्य का आधार क्या है?**

उत्तर 'स्वच्छता' हमारे स्वास्थ्य का आधार है| हमें अपने आसपास तथा शरीर की स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए| साथ ही पौष्टिक भोजन, खेल-कूद एवं नियमित व्यायाम भी हमें स्वस्थ रखते हैं|

**प्रश्न 2 सही वाक्य पर √ तथा गलत वाक्य पर × का निशान लगाओ :-**

**क)** शरीर स्वस्थ हो तो मन भी स्वस्थ रहता है| (√)

**ख)** स्नान करने से रोम-छिद्र बंद हो जाते हैं| (X)

**ग)** मीठी और चिपचिपी चीज़ें दाँतों की दुश्मन होती हैं| (√)

**घ)** हमें आसपास की स्वच्छता पर भी ध्यान देना चाहिए| (√)

**प्रश्न 3 सही शब्द लिखकर वाक्य पूरे करो :-**

**ब्रश, धुले हुए, मक्खियों, मच्छरों, कमज़ोर**

**क)** स्नान के बाद **धुले हुए** वस्त्र पहनने चाहिए|

**ख)** बहुत अधिक टी. वी. देखने से भी आँखें **कमजोर** हो जाती हैं|

**ग)** सुबह और रात्रि को सोने से पूर्व **ब्रश** ज़रूर करना चाहिए|

**घ)** गंदगी **मक्खियों** और **मच्छरों** को आकर्षित करती है|

**प्रश्न 4 सही उत्तर पर √ का निशान लगाओ :-**

**क)** किसके न रहने पर सब व्यर्थ है?
स्वास्थ्य (√)

**ख)** आँखों को दिन में कितनी बार धोना चाहिए?
दो-तीन (√)

**ग)** हमें कैसा भोजन करना चाहिए?
पौष्टिक (√)

**घ)** मनुष्य के लिए सबसे बड़ा वरदान क्या है?
स्वास्थ्य (√)

## भाषा की बात

**1 निम्नलिखित स्त्रीलिंग व पुल्लिंग शब्दों के जोड़े मिलाओ-**

| | |
|---|---|
| राजा | **रानी** |
| बूढ़ा | **बुढ़िया** |
| चूहा | **चुहिया** |
| चाचा | **चाची** |

2 **निम्नलिखित एकवचन व बहुवचन शब्दों के जोड़े मिलाओ-**

| | |
|---|---|
| माला | **मालाएँ** |
| किताब | **किताबें** |
| कुत्ता | **कुत्ते** |
| छात्रा | **छात्राएँ** |

3 **रंगाई शब्द रंग से बना है| इसी तरह और शब्द बनाओ-**

| | |
|---|---|
| **रंग** | **रंगाई** |
| **साफ़** | **सफ़ाई** |
| **चढ़** | **चढ़ाई** |
| **बुन** | **बुनाई** |

## पाठ- 16 सीखो

**नीचे दिए शब्दों के अर्थ लिखकर कोई दो शब्दों के वाक्य बनाइए :-**

**काम से जी चुराना** - काम करने से बचना

**शान** - इज्ज़त, सम्मान

**महकाना** - खुशबू फैलाना

**दुखीजन** - दुखी लोग

1. **काम से जी चुराना -** काम से जी चुराना एक गलत आदत है|
2. **शान - तिरंगा हमारे** भारत की शान है|

**प्रश्न 1 प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**क) हमें किससे घबराना नहीं चाहिए?**

उत्तर हमें मेहनत करने से घबराना नहीं चाहिए|

**ख) हमें हमेशा किस चीज़ का ध्यान रखना चाहिए?**

उत्तर हमें हमेशा समय का ध्यान रखना चाहिए|

**ग) हमें कब रुक जाना चाहिए?**

उत्तर हमें बत्ती के लाल होने पर रुक जाना चाहिए|

घ) **पढ़ना-लिखना हमें क्या बनाता है?**

उत्तर पढ़ना-लिखना हमें विद्वान बनाता है|

**प्रश्न 2 कविता की पंक्तियाँ पूरी करो-**

**हँसना और हँसाना सीखो,**
**काँटों में मुस्काना सीखो|**

**महको और महकाना सीखो,**
**दुख को भी सह जाना सीखो|**

**ठीक समय पर तुम उठ जाओ,**
**ठीक समय पर पढ़ने जाओ|**

**लो मेरा यह कहना मान,**
**सदा समय का रखना ध्यान|**

**बत्ती लाल हुई रुक जाओ,**
**वाहन में झट ब्रेक लगाओ|**

**भैया मानो इतना कहना,**
**हरी जलेगी तब तुम चलना|**

**प्रश्न 3 सही वाक्य पर √ तथा गलत वाक्य पर × का निशान लगाओ :-**

**क)** हमें कभी काम से जी नहीं चुराना चाहिए| (√)

**ख)** हमें हरी बत्ती पर रुक जाना चाहिए| (X)

**ग)** हमें ध्यान लगाकर पढ़ना चाहिए| (√)

**घ)** हमें लाल बत्ती हो जाने पर चलना चहिए| (X)

**ड)** हमें भारत माँ की शान बढ़ानी चाहिए| (√)

**प्रश्न 4 सही उत्तर पर √ का निशान लगाओ :-**

**क)** हमें मन में क्या नहीं लाना चाहिए?
आलस्य (√)

**ख)** क्या करने पर हम आदर पाते हैं?
काम (√)

**ग)** हमें किसके काम आना चाहिए?
दूसरों के (√)

**घ)** हमें किसको सह लेना चाहिए?
दुख को (√)

## भाषा की बात

**1 नीचे लिखे वाक्यों में शुद्ध वाक्य कौन-सा है?**

**क)** काँटों में मुस्काना सीखो| (√)

**ख)** वाहन में झट ब्रेक लगाओ| (√)

**ग)** हर हालत में रहना सीखो| (√)

**2 कौन क्या है ?**

| | |
|---|---|
| **बहादुरगढ़, अल्मोड़ा, चित्तौड़गढ़, सहरसा** | **स्थानों के नाम** |
| **कलाकंद, जलेबी, बर्फी, रसगुल्ला, राजभोग** | **मिठाइयों के नाम** |
| **गंगा, घाघरा, ब्रह्मपुत्र, कावेरी, गंडक** | **नदियों के नाम** |
| **सागवान, शीशम, आम, चीड़, नीम, वट, नारियल** | **पेड़ों के नाम** |

**3 जानवरों के नाम को उनके बोलियों के साथ जोड़े -**

| | |
|---|---|
| **बकरी** | **मिमियाना** |
| **घोड़ा** | **हिनहिनाना** |
| **हाथी** | **चिंघाड़ना** |

| | |
|---|---|
| **शेर** | **दहाड़ना** |
| **गाय** | **रंभाना** |
| **मेंढक** | **टर्र-टर्र** |
| **कुत्ता** | **भौंकना** |
| **गधा** | **रेंकना** |

4 **गृहकार्य-** जोड़े ढूँढो (बच्चे स्वयं करेंगे|)

## व्याकरण

### कुछ समान्य अशुद्धियाँ

**प्रश्न 1 सही वर्तनी के सामने सही (√) का निशान लगाओ :-**

बाज़ार (√)

पत्नी (√)

धोखा (√)

प्रतिज्ञा (√)

ऋतु (√)

गुरु (√)

मनुष्य (√)

**प्रश्न 2 निम्न शब्दों की वर्तनी शुद्ध करके फिर से लिखिए-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **परंतू -** | **परंतु** | **करेगें -** | **करेंगे** |
| **पती -** | **पति** | **बरीक -** | **बारीक** |
| **ऐसा -** | **ऐसा** | **भूक -** | **भूख** |
| **आयू -** | **आयु** | **छमता -** | **क्षमता** |

**बिमारी - बीमारी** **नराज़ - नाराज़**

3 **शुद्ध शब्द छाँटकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-**

**क)** गंगा एक **पवित्र** नदी है|

**ख)** मैं कल स्कूल नहीं आया **क्योंकि** मैं बीमार था|

**ग)** **श्रीमती** शालिनी शर्मा हमारी हिन्दी की अध्यापिका हैं|

**घ)** उस **बूढ़े** व्यक्ति की सहायता करो|

**ड)** मुझे **विज्ञान** में बहुत रूचि है|

## दिन, महीने और त्योहार

1 **प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

**क) सोमवार के बाद कौन-सा दिन आता है? मंगलवार**

**ख) रविवार से पहले कौन-सा दिन आता है? शनिवार**

**ग) सप्ताह का पहला दिन कौन-सा होता है? सोमवार**

**घ) बृहस्पतिवार का दूसरा नाम क्या है? गुरुवार**

**ड) सप्ताह में कितने दिन होते हैं? सात**

3 **अंग्रेज़ी महीनों के नाम लिखिए -**

जनवरी (January), फरवरी(February), मार्च(March), अप्रैल(April), मई(May), जून(June), जुलाई(July), अगस्त(August), सितम्बर(September), अक्टूबर(October), नवम्बर(November), दिसंबर(December)

**हिन्दी महीनों के नाम लिखिए-**

चैत्र, बैसाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, अगहन, पौष(पूस), माघ, फाल्गुन

4 **प्रश्न 4 बच्चे स्वयं करेंगे|**

5 निम्नलिखित प्रसिद्ध व्यक्तियों के जन्म किस महीने में हुआ लिखिए-



अक्टूबर

अक्टूबर

अगस्त



**अक्टूबर**

**जुलाई**

**नवम्बर**

## क्रियात्मक कार्य

1 **अनौपचारिक पत्र-**

**कविता प्रतियोगिता में प्रथम आने पर मित्र को बधाई पत्र लिखिए|**

बी- 15, लव-कुश अपार्टमेंट
शास्त्रीनगर
जमशेदपुर, झारखण्ड

दिनांक- 11 दिसंबर 2021

प्रिय मित्र स्नेह,

मधुर स्मृति!

तुम्हारा पत्र मिला| मुझे यह जानकर अति प्रसन्नता हुई कि विद्यालय द्वारा आयोजित काव्य प्रतियोगिता में तुमने पूरी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया| इसके लिए तुम्हें बहुत-बहुत बधाई| यह हम सब के लिए गर्व की बात है| आशा करता हूँ कि तुम ऐसे ही अपने जीवन में सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ते रहो| मेरी शुभकामनाएँ तुम्हारे साथ हैं| अंकल-आंटी को मेरा प्रणाम कहना और अपने छोटे भाई को मेरा स्नेह देना|

तुम्हारा मित्र

अंकुर

**अभ्यास हेतु-** कक्षा में प्रथम आने पर मित्र को बधाई पत्र लिखिए|

***

# पाठ- 13 बढ़े चलो,बढ़े चलो

**नीचे दिए शब्दों के अर्थ लिखकर कोई दो शब्दों के वाक्य बनाइए :-**

1. हिम- बर्फ, तुषार
2. शिखर- चोटी
3. मिसाल- उदाहरण
4. स्वतंत्रता- आज़ादी

1. **हिम-** हिमालय पर्वत सफ़ेद हिम से ढका हुआ है|
2. **शिखर**- सफलता के ऊँचे शिखर को छूना है|

**प्रश्न 1 प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**क) हमें किसके बिना भी बढ़ते रहना चाहिए?**

उत्तर **हमें अस्त्र-शस्त्र, अन्न-नीर तथा वस्त्र के बिना भी आगे बढ़ते रहना चाहिए|**

**ख) हमें किन परिस्थितियों में भी नहीं झुकना चाहिए?**

उत्तर हमें कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी नहीं झुकना चाहिए|

**ग) हमें किसका मोल चुकाना होगा?**

उत्तर हमें अपने देश की स्वतंत्रता का मोल चुकाना होगा|

**घ) कवि हमें क्या प्रेरणा दे रहा है?**

उत्तर कवि विपरीत-से-विपरीत परिस्थितियों में भी जीवन में आने वाले संघर्षों से लड़ते हुए, अपने देश की उन्नति के लिए आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रहा है|

**प्रश्न 2 कविता की पंक्तियाँ पूरी करो-**

घटा घिरी अटूट हो
<u>अधर में कालकूट हो</u>
वही सुधा का घूँट हो
<u>जिये चलो, मरे चलो</u>

**प्रश्न 3 सही वाक्य पर √ तथा गलत वाक्य पर × का निशान लगाओ :-**

**क)** हमें हमेशा बढ़ते जाना चाहिए| (√)

**ख)** हमारा चलन मिसाल हो| (√)

**ग)** हमें कमाल करते हुए आगे बढ़ना चाहिए| (√)

**घ)** हमें अस्त्र-शस्त्रों के बिना शत्रु से डरना चाहिए| (X)

**ङ)** हमें अमृत का ही घूँट पीना चाहिए| (X)

**प्रश्न 4 सही उत्तर पर √ का निशान लगाओ :-**

**क)** हमें किसके साथ आगे बढ़ना चाहिए?

इनमें से कोई नहीं (√)

**ख)** हमें किसको देखकर रुकना नहीं चाहिए?

कठिनाइयों को (√)

**ग)** हमें क्या नहीं करना चाहिए?

ये सभी (√)

## भाषा की बात


**1 दिए गए विशेषण और संज्ञा शब्दों के सही जोड़े मिलाओ-**

| | |
|---|---|
| हिम | **शिखर** |
| अटूट | **घटा** |
| नई | **मिसाल** |
| नया | **कमाल** |


**2 इसे क्या-क्या कहते हैं-**




**खून, लहू, रक्त**



**बर्फ, हिम, पाला**



**हस्त, कर, हाथ**

 **पर्वत, पहाड़, नग**

## पाठ- 14 थॉमस एडीसन

**नीचे दिए शब्दों के अर्थ लिखकर कोई दो शब्दों के वाक्य बनाइए :-**

आविष्कार- खोज

निष्कर्ष- नतीजा

चकित- हैरान

प्रतिभा- योग्यता

1. प्रतिभा- बालक की प्रतिभा को सभी ने पहचान लिया|
2. **आविष्कार-** प्रतिदिन नए-नए आविष्कार किए जा रहे हैं|

**प्रश्न 1 प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**क) एडीसन की माँ उसके बारे में क्या सोचती थी?**

उत्तर एडीसन की माँ जानती थी कि उसमें बहुत प्रतिभा है| वह कुछ करके दिखाना चाहता है| वह बड़ा होकर ज़रूर महान व्यक्ति बनेगा|

**ख) एडीसन का पूरा नाम क्या था?**

उत्तर एडीसन का पूरा नाम थॉमस अल्वा एडीसन था|

**ग) एडीसन ने किन-किन चीज़ों की खोज की?**

उत्तर एडीसन ने बल्ब, बिजली का पंखा, ग्रामोफ़ोन, बिजली के इंजन, बेतार का तार, कैमरा, टाइपराइटर तथा टेलीफ़ोन की खोज की| इसके अलावा सिनेमा में आवाज़ भरने का आविष्कार भी एडीसन ने किया|

**घ) एडीसन ने स्कूल जाना क्यों छोड़ दिया?**

उत्तर पढ़ाई में रूचि न होने के कारण एडीसन ने स्कूल जाना छोड़ दिया|

**प्रश्न 2 सही वाक्य पर √ तथा गलत वाक्य पर × का निशान लगाओ :-**

**क)** बालक कुछ करके दिखाना चाहता था| (√)

**ख)** एडीसन की माँ एक डॉक्टर थी| (X)

**ग)** एडीसन ने बिजली के बल्ब का आविष्कार किया| (√)

**घ)** बालक तमाचा मारे जाने से बहुत दुखी हुआ|| (X)

**प्रश्न 3 सही शब्द लिखकर वाक्य पूरे करो-**

**अखबार, महान, आविष्कार, उत्साह, एडीसन**

**क)** माँ ने उसका **उत्साह** बढ़ाना शुरू कर दिया|
**ख)** वह रेलगाड़ी में **अखबार** बेचा करता था|
**ग)** ग्रामोफ़ोन का आविष्कार भी **एडीसन** ने किया|
**घ)** वह बड़ा होकर ज़रूर **महान** व्यक्ति बनेगा|
**ड)** वह एक के बाद एक **आविष्कार** करता चला गया|

**प्रश्न 4 सही उत्तर पर √ का निशान लगाओ :-**

**क)** थॉमस एडीसन कहाँ का रहने वाला था?
अमेरिका का (√)

**ख)** एडीसन ने किस वस्तु की खोज की?
बल्ब की (√)

**ग)** एडीसन ने अखबार बेचना कब शुरू किया?
12 वर्ष की आयु में (√)

**घ)** रेलगाड़ी में क्या गिर जाने से आग लगी?
फॉस्फोरस (√)

## भाषा की बात

**नीचे की पंक्तियों को ध्यान से पढ़ो और लिखो कि किस वाक्य में किस काल का प्रयोग हुआ है-**

**क)** वह अमेरिका का रहने वाला था| **भूतकाल**

**ख)** वह बड़ा होकर महान व्यक्ति बनेगा| **भविष्य काल**

**ग)** उसका उत्तीर्ण होना मुश्किल है| **वर्तमान काल**

# व्याकरण

## अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

**प्रश्न 1 सही उत्तर पर √ का निशान लगाओ :-**

**क)** 'जहाँ पुस्तकें रखी जाती हैं' के लिए सही शब्द है-
पुस्तकालय (√)


**ख)** 'जहाँ इलाज के लिए जाते हैं' के लिए सही शब्द है-
अस्पताल (√)

**ग)** 'परोपकारी' उसे कहते हैं, जो-
दूसरों की भलाई करता है (√)


**घ)** 'जो बोल न सकता हो' उसे कहते हैं-
(i) व (ii) दोनों

**प्रश्न 2 नीचे दिए चित्रों के नीचे अनेक शब्द और एक शब्द दोनों लिखिए-**



**मिट्टी के बर्तन बनाने वाला**
**कुम्हार**




**जहाँ कैदियों को रखा जाता है**
**जेल/कारागार**




जो जूते ठीक करता है

**मोची**



जहाँ इलाज के लिए जाते हैं

**अस्पताल**




जो चित्र बनाता है

**चित्रकार**




जो खेती करता है

**किसान**



देश की रक्षा करने वाला

**सैनिक**



जो दूध दुहता है

**ग्वाला**

**प्रश्न 3 रेखा खींचकर सही मिलान कीजिए-**

जो कभी न मरे **अमर**

| | |
|---|---|
| जो सप्ताह में एक बार हो | **साप्ताहिक** |
| जो साथ पढ़ता हो | **सहपाठी** |
| दूर की सोचने वाला | **दूरदर्शी** |
| जो मूर्ति बनाता हो | **मूर्तिकार** |
| नीचे लिखा हुआ | **निम्नलिखित** |
| जिसमें बहुत खतरा हो | **खतरनाक** |
| प्रतिदिन होने वाला | **दैनिक** |
| जो लालच करता है | **लालची** |

**प्रश्न 4 नीचे लिखे वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए-**

| | |
|---|---|
| जो काम से जी चुराए - | **कामचोर** |
| जिसका मूल्य न आँका जा सके - | **अमूल्य** |
| जो कविताएँ लिखता हो - | **कवि** |
| जो बोल न सकता हो - | **मूक/गूँगा** |
| जिसमें कम बल हो - | **निर्बल** |
| जो पढ़ा-लिखा न हो - | **अनपढ़/निरक्षर** |

**प्रश्न 5 निम्नलिखित शब्दों के लिए अनेक शब्द लिखिए -**

**परिश्रमी-** जो परिश्रम करता है

**अमर-** जो कभी न मरे

**परोपकारी-** जो दूसरों की भलाई करे

**कवयित्री-** जो कविताएँ लिखती हो

**दयालु-** जिसके मन में दया हो

**किसान-** जो खेती करता हो

**कारागार-** जहाँ कैदियों को रखा जाता है

# क्रियात्मक कार्य

**अनौपचारिक पत्र-**

**अपने किसी पालतू पशु या पक्षी का वर्णन करते हुए मित्र को पत्र लिखिए |**

**बी- 21, तक्षशिला रेसिडेंसी**
**मणिनगर**
**अहमदाबाद, गुजरात**

**दिनांक- 11 दिसम्बर 2021**

**प्रिय सहेली समीक्षा**
**मधुर स्नेह!**

**तुम कैसी हो? मैं भी यहाँ पर ठीक हूँ| ईश्वर से हमेशा दुआ करती हूँ कि तुम हमेशा खुश रहो| तुम्हारा पत्र मिला| यह जानकर अति प्रसन्नता हुई कि इन दिवाली की छुट्टियों में तुम मुझसे मिलने आने वाली हो| यहाँ आने पर मैं तुम्हें अपने पालतू पक्षी डोडो से मिलवाऊँगी| डोडो एक तोता है| वह बहुत ही प्यारा है| वह हरे रंग का है| उसकी चोंच लाल रंग की है| डोडो को अमरुद खाना बहुत पसंद है| वह हर रोज सुबह सबसे पहले उठकर हमें जगाता है| घर पर सभी उसे बहुत प्यार करते हैं| जब तुम यहाँ आओगी मैं तुम्हें भी उससे मिलवाऊँगी| तुम्हारे आने का इंतजार रहेगा| अंकल-आंटी को मेरा प्रणाम कहना और अपने छोटे भाई को मेरा स्नेह देना|**

**तुम्हारी सहेली**
**आकांक्षा**

**अभ्यास हेतु- जन्मदिन की पार्टी में सम्मिलित होने के लिए मित्र को निमन्त्रण पत्र लिखिए|**

## अपठित गद्यांश

**मीठी बोली की हमारे जीवन में बहुत उपयोगिता है| यह मन को शीतलता देती है| इससे सुनने वाले और बोलने वाले दोनों को शांति मिलती है| मीठी बोली बोलने वाले का कोई शत्रु नहीं रहता| उसे सभी पसंद करते हैं| कौआ और कोयल दोनों ही काले होते हैं, किन्तु लोग कोयल को मीठी बोली के कारण पसंद करते हैं, जबकि कौआ अपनी कड़वी बोली के कारण किसी को फूटी आँख नहीं सुहाता|**

**प्रश्न 1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**क) गद्यांश में किसकी उपयोगिता के बारे में बताया गया है?**

गद्यांश में मीठी बोली की उपयोगिता के बारे में बताया गया है|

**ख) मीठी बोली मन को क्या प्रदान करती है?**

मीठी बोली मन को शीतलता प्रदान करती है|

**ग) मीठी बोली बोलने के कोई दो लाभ लिखिए-**

**बोलने और सुनने वाले को शांति मिलती है| आदमी का कोई शत्रु नहीं रहता है|**

**घ) कोयल सबको अच्छी क्यों लगती है?**

**कोयल सबको अच्छी लगती है** क्योंकि वह बहुत मीठा बोलती है|

**ड) कौन-सा पक्षी अपनी कड़वी बोली के कारण किसी को अच्छा नहीं लगता?**

कौआ अपनी कड़वी बोली के कारण किसी को अच्छा नहीं लगता|

**च) कोई दो संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए -**

कौआ, कोयल

## पाठ- 12 पिता की सीख

**नीचे दिए शब्दों के अर्थ लिखकर कोई दो शब्दों से वाक्य बनाइए -:**

(क) ज़मींदार - बड़ा किसान

(ख) पारंगत - निपुण, कुशल

(ग) सरोवर - तालाब

(घ) पर्यटन - घूमना, भ्रमण

**वाक्य रचना**

(क) **ज़मींदार - मेरे दादाजी एक बहुत बड़े ज़मींदार थे|**

(ख) **पारंगत - अपने कार्य में पारंगत होना भी एक कला है|**

**अभ्यास कार्य**

**1 प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

**क किशन किस प्रकार का लड़का था?**

उत्तर किशन एक वीर तथा सभी प्रकार की युद्ध विद्याओं में पारंगत लड़का था|

**ख भालू कैसे लोगों को कभी नहीं छेड़ता?**

उत्तर भालू मरे हुए व्यक्ति के समान साँस रोक कर ज़मीन पर लेटे लोगों को कभी नहीं छेड़ता|

**ग किशन ने अंत में शेर के साथ क्या किया?**

उत्तर काफी देर तक शेर और किशन के बीच लड़ाई होती रही और अंत में किशन ने शेर को मार गिराया|

**घ किशन के कपड़े किनके पास मिले?**

उत्तर किशन के कपड़े पेड़ पर बैठे बंदरों के पास मिले|

**ङ पिता ने किसका सामना न करने की सलाह दी?**

उत्तर पिता ने जंगलों में भालू का सामना न करने की सलाह दी|

**च किशन ने अपने पिता से माफ़ी क्यों माँगी?**

उत्तर अपने पिता की बात नहीं मान कर किशन को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा| अपनी गलती का अहसास होने पर उसने पिता से माफ़ी माँगी|

**2 सही वाक्य पर ✓ तथा गलत पर × का निशान लगाइए:-**

(क) किशन वीरता का कार्य करना चाहता था| (√)

(ख) किशन की देखभाल के लिए पिता ने चार आदमी साथ कर दिए| (X)

(ग) अंत में शेर ने किशन को मार गिराया| (X)

(घ) सरोवर देखते ही उसे नहाने की इच्छा हुई| (√)

(ङ) अनुभवों से ही आदमी कुछ सीखता है| (√)

**3 सही शब्द लिखकर वाक्य पूरे करो-**

**(पारंगत, अकेले, सीख, मजबूरी, बगीचा, सरोवर)**

(क) वह सभी प्रकार की युद्ध विद्याओं में पारंगत था|

(ख) कभी भी अकेले यात्रा पर न जाओ|

(ग) उसे अपने पिता की दी हुई सीख याद आ गई|

(घ) उसे मजबूरी में ही फटे कपड़े पहनने पड़े|

(ङ) उसे निकट ही एक बगीचा और एक सरोवर दिखाई दिए|

**4 सही उत्तर पर √ का निशान लगाओ :-**

**क) किशन किस प्रकार के कार्य करना चाहता था?**

वीरता के (√)

**ख) सरोवर देखते ही किशन को क्या करने की इच्छा हुई?**

नहाने की (√)

**ग) किसने किशन के कपड़ों को फाड़ा?**

बंदरों ने (√)

**सही जोड़े मिलाओ :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| विश्राम | आराम | ज़मींदार | भूमिहीन |
| यात्रा | सफ़र | वीरता | कायरता |
| सरोवर | तालाब | बाहर | अंदर |
| अहसास | अनुभव | पारंगत | अकुशल |
| इरादा | उद्देश्य | इच्छा | अनिच्छा |

# गृहकार्य :-

**प्रश्न-2 नीचे के वाक्यों में कुछ सब्जियों के नाम छिपे हैं, ढूँढो तो ज़रा :-**

# व्याकरण

## **विलोम शब्द**

1 **सही उत्तर पर √ का निशान लगाओ :–**

**क** विलोम शब्द कहते हैं-

उत्तर उल्टा अर्थ देने वाले शब्दों को (√)

**ख** 'सुख' का विलोम है-

उत्तर दुख (√)

**2** **निम्नलिखित के विलोम लिखिए-**

| | | |
|---|---|---|
| अच्छाई X **बुराई** | गिरना X **उठना** | गुण X **दोष** |
| अंदर X **बाहर** | अपना X **पराया** | गरमी X **सरदी** |
| थोड़ा X ज़्यादा | आगे X **पीछे** | न्याय X **अन्याय** |

**3** कोष्ठक में से उचित विलोम शब्द से रिक्त स्थान भरिए-

(क) यह प्रश्न **सरल** है, पर वह प्रश्न कठिन | (आसान, कठिन)

(ख) उसका बस्ता **भारी** है, लेकिन मेरा हल्का | (कम भारी, हल्का)

(ग) रवि **कम** खाता है, परन्तु उसका भाई अधिक | (बहुत कम, अधिक)

(घ) इस फ़िल्म में **आरंभ** से अंत तक रहस्य बना रहा| (अंत, समाप्ति)

4 **सही विलोम के नीचे रेखा कीजिए-**

**मान - सम्मान, अपमान, विमान**

**ऊँचा - नीचा, ऊँचाई, निम्न**

**अमीर - धनवान, बलवान, गरीब**

**सरल - आसान, कठिन, सुंदर**

**आशा - निराशा, दुराशा, आकांक्षा**

5 **सही विलोम शब्द से मिलान कीजिए-**

| | |
|---|---|
| ज्ञानी | अज्ञानी |
| धनी | निर्धन |
| शत्रु | मित्र |
| गुरु | शिष्य |
| पहला | आखिरी |
| अंदर | बाहर |

**क्रियात्मक कार्य**

**चित्र का वर्णन 40-45 शब्दों के अनुच्छेद में लिखिए**




यह एक बहुत सुंदर चित्र है| आज निशा का जन्मदिन है| वह अपने दोस्तों के साथ अपना जन्मदिन मना रही है| सभी बच्चे खुश दिखाई दे रहे हैं| उनके सिर पर रंग-बिरंगी टोपियाँ हैं| कमरे को रंग-बिरंगे गुब्बारे तथा झालरों से सजाया गया है, जिससे कमरे की शोभा बढ़ गई है| निशा के माता-पिता भी इस समारोह में शामिल हैं| निशा अब केक काटने वाली है| सभी बच्चे खुशी से चिल्ला रहे हैं| बच्चे निशा के लिए अलग-अलग उपहार ले कर आए हैं| निशा आज बहुत खुश है| सच में, असली मजा हमें अपने दोस्तों और परिवार के साथ ही आता है| इसलिए हमें अपने खुशियों के पल अपने लोगों के साथ ज़रूर बिताने चाहिए| इस चित्र को देखकर मेरे बचपन की यादें ताज़ा हो गईं|

## पाठ- 9 सर्दी आई

**नीचे दिए शब्दों के अर्थ लिखकर कोई दो शब्दों से वाक्य बनाइए -:**

(क) ढेर - बहुत

(ख) सर्दी - ठंड का मौसम

(ग) हाँफना - साँस चढ़ना

(घ) दुबला - कमज़ोर

**वाक्य रचना**

(क) **ढेर**- मेरे पास ढेर सारे खिलौने हैं|

(ख) **सर्दी** - सर्दी के मौसम में पशु-पक्षी ठिठुरने लगते हैं|

**अभ्यास कार्य**

**1 प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

**(क) सर्दी क्या पहनकर आई है?**

उत्तर सर्दी ठंड की वर्दी पहनकर आई है|

**(ख) सर्दी में सबकी हालत कैसी हो जाती है?**

उत्तर सर्दी में सब ठंड के मारे हाँफने,काँपने और ठिठुरने लगते हैं व सबकी सुकड़ी चाल हो जाती है|

**(ग) सर्दी को किसने बढ़ाया है?**

उत्तर सर्दी को जाड़े के मौसम ने बढ़ाया है|

**(घ) कवि ने किस मौसम को बेदर्दी कहा है?**

उत्तर कवि ने जाड़े के मौसम को बेदर्दी कहा है|

**2 सही वाक्य पर ✓ तथा गलत पर × का निशान लगाइए:-**

(क) सर्दी में लोग बहुत सारे कपड़े पहनते हैं| (✓)

(ख) सर्दी में सबकी चाल में अकड़ आ जाती है| (×)

(ग) सर्दी में हर जगह ठंडी लगती है| (✓)

(घ) सर्दी में भी धूप में दौड़ने से गर्मी लगती है| (×)

(ङ) सर्दी से सारा बदन ठिठुर जाता है| (✓)

**3 कविता की पंक्तियाँ पूरी करो-**

सुकड़ी सबकी चाल हो गई|
ठिठुर रहे हैं, काँप रहे हैं,
दौड़ रहे हैं, हाँफ रहे हैं|
धूप में दौड़े तो भी सर्दी,
छाँव में बैठे तो भी सर्दी|

**4 सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए:-**

**(क) ठंड के कपड़े पहनकर कौन आया है?**

उत्तर सर्दी

**(ख) सारे बदन में किसने ठिठुरन भर दी है?**

उत्तर सर्दी ने

**(ग) सर्दी में किसकी ज़र्दी जम जाती है?**

उत्तर अंडे की

**(घ) सर्दी में किसकी नाक लाल हो जाती है?**

उत्तर सभी की

**भाषा की बात-**

**1 वर्ण-विच्छेद नहीं करना है (omit)**

**2 ज़ और ज वाले दो-दो शब्द लिखिए:-**

| | |
|---|---|
| ज़िद | गाजर |
| आवाज़ | पराजय |
| मज़ा | अजय |

**गृहकार्य-**

**कविता याद करना**

## पाठ- 11 मैं नीम हूँ

**नीचे दिए शब्दों के अर्थ लिखकर कोई दो शब्दों से वाक्य बनाइए :-**

(क) जीवित - जिंदा

(ख) भयभीत - डरा हुआ

(ग) शुद्ध - स्वच्छ

(घ) उपकार - भलाई

**वाक्य रचना**

**जीवित-** जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन बहुत जरूरी है|

**भयभीत-** वह बहुत भयभीत है|

**अभ्यास कार्य**

**.1 प्रश्नों के उत्तर लिखिए -:**

**(क) 'निंब' का क्या अर्थ है?**

उत्तर 'निंब' का अर्थ है - रोगों को दूर भगाने वाला|

**(ख) नीम वायु को कैसे शुद्ध बनाता है?**

उत्तर नीम अशुद्ध वायु को लेकर वायु को शुद्ध बनाता है|

**(ग) नीम की पत्तियाँ किस काम आती हैं?**

उत्तर नीम की पत्तियों को गेहूँ, चना आदि अन्न के ढेर में रखने से तथा गर्म कपड़ों में रखने से उनमें कीड़ा नहीं लगता है| सूखी पत्तियों को जलाने से मच्छर भाग जाते हैं|

**(घ) नीम के फल को क्या कहते हैं ?**

उत्तर नीम के फल को 'निबौली' कहते हैं|

**(ड) नीम के फल को खाने से क्या होता है ?**

उत्तर नीम के फल को खाने से पेट की सारी बीमारियाँ दूर हो जाती हैं|

**2. सही कथन पर सही ✓ और गलत कथन पर × लगाइए -:**

(क) नीम को निंब भी कहते हैं| ✓

(ख) नीम के धुएँ को देखकर मच्छर भाग जाते हैं| ✓

(ग) नीम की दातुन करने से आँखों की रोशनी बढ़ती है| ×

**3. सही उत्तर पर ✓ लगाइए -:**

(क) किस वृक्ष की पत्तियाँ बहुत काम आती हैं?

नीम की ✓

(ख) मच्छर कौन-सी बीमारी फैलाते हैं?

मलेरिया ✓

(ग) नीम का कौन-सा भाग दाँतों के लिए लाभकारी है?

टहनी ✓

(घ) कौन-सा पेड़ अनेक रोगों को भगाता है?

नीम का ✓

**भाषा की बात**

**.1 नीचे लिखे वाक्यांशों के लिए सही उत्तर पर ✓ लगाइए -:**

(क) प्रतिदिन होने वाला -

दैनिक ✓

(ख) जहाँ इलाज के लिए जाते हैं -

अस्पताल ✓

(ग) साथ पढ़ने वाला -

सहपाठी ✓

(घ) जिसमें कम बल हो -

निर्बल ✓

3. **चार प्रकार के 'र' वाले शब्द पाठ में से छाँटकर लिखिए -**

**विद्यार्थी स्वयं लिखेंगे|**

**गृहकार्य शब्दों को याद करिए -:**

| **पर्यायवाची शब्द** | **विलोम शब्द** |
|---|---|
| निकट पास -, नजदीक | हार X जीत |
| वायु पवन -, सलिल | शुद्ध X अशुद्ध |
| साफ़ स्वच्छ - , निर्मल | आवश्यक X अनावश्यक |

क्रिया

**1 सही उत्तर पर ✓ लगाइए -:**

**(क) क्रिया कहते हैं-**

उन शब्दों को जिनसे किसी काम के होने या करने का पता चले ✓

**(ख)** **क्रिया को वाक्य में महत्वपूर्ण इसलिए मन जाता है, क्योंकि -**

क्रिया के बिना वाक्य अपूर्ण होता है ✓

**(ग)** **सिपाही ने चोर को............. |उचित क्रिया शब्द भरिए -**

पकड़ा ✓

**(घ)** **वे फ़िल्म'देख रहे हैं '|वाक्य में क्रिया है -**

देख रहे हैं ✓

**2 निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया छाँटकर अलग लिखिए -:**

(क) अध्यापिका जी बच्चों को पढ़ा रही हैं — पढ़ा रही हैं|

(ख) करिश्मा पूजा के लिए फूल तोड़ रही है — तोड़ रही है|

(ग) बच्चे कंप्यूटर पर गेम खेल रहे हैं — खेल रहे हैं|

(घ) धोबी नदी में कपड़े धो रहा है — धो रहा है|

**.3 निम्नलिखित क्रिया शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए -**

(क) सोना - जयेश सो रहा है |

(ख) पढ़ना - बच्चे कक्षा में पढ़ रहे हैं |

(ग) तैरना - प्रतिभागी तैर रहे हैं |

(घ) हँसना - वह अपने दोस्तों के साथ हँस रहा है |

(.ड) रोना - छोटू खिलौने के लिए रो रहा है |

**4 निम्नलिखित पशु-पक्षियों के सामने उनके द्वारा की जाने वाली क्रियाएँ लिखिए -**

भौंकता है, रँभाती है, चिंघाड़ता है, चहचहाती है, रेंगता है, दहाड़ता है

गाय - रँभाती है

हाथी - चिंघाड़ता है

कुत्ता - भौंकता है

चिड़िया - चहचहाती है

साँप - रेंगता है

शेर - दहाड़ता है

## पर्यायवाची शब्द

**1 सही उत्तर पर ✓लगाइए :-**

(क) पर्यायवाची शब्द कहते हैं -

एक जैसा अर्थ प्रकट करने वाले शब्दों को ✓

(ख) वायु, का सही पर्यायवाची है -

पवन ✓

**2 दिए गए चित्रों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -**

चिड़िया - खग, पंछी

चंद्रमा - चाँद, शशि

आँख - नयन, नेत्र

कमल - जलज, नीरज

आग - अग्नि, पावक

बादल - मेघ, जलद

**3 निम्नलिखित पर्यायवाची शब्दों का सही मिलान कीजिए-**

| | | |
|---|---|---|
| नारी | स्त्री | महिला |
| बगीचा | उपवन | बाग |
| शाम | संध्या | साँझ |
| सूर्य | दिनकर | भानु |
| भूमि | धरती | ज़मीन |
| पर्वत | नग | पहाड़ |
| हवा | अनिल | वायु |
| मित्र | सखा | दोस्त |

**4 निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए -**

आकाश - गगन, नभ

कपड़ा - वस्त्र, चीर

पानी - जल, नीर

ईश्वर - प्रभु, भगवान

पेड़ - वृक्ष, तरु

**5 नीचे दिए गए शब्द समूहों में से उस शब्द पर घेरा लगाइए जो उस समूह का पर्यायवाची नहीं है -**

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | दिवस | प्रकार | दिवा |
| झंडा | ध्वज | ध्वजा | पावस |
| दूध | नीर | क्षीर | दुग्ध |
| सिंह | शेर | वनमानुष | वनराज |
| कमल | नीरज | जलज | जलद |
| अनल | अग्नि | पावक | अनिल |

## क्रियात्मक कार्य

**क नीचे दिए विषय पर 40 से 45 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :-**

### दीपावली

दीपावली को दीपों का त्योहार कहा जाता है। दीपावली इसलिए मनाई जाती है क्योंकि इस दिन भगवान श्री राम 14 साल का वनवास काटकर अयोध्या लौटे थे। भगवान श्री राम के वापस अयोध्या लौटने की खुशी में वहाँ के लोगों ने इस दिन को 'दीपावली' के रूप में मनाया। दीपावली का त्योहार हर साल अक्टूबर या नवम्बर माह में आता है। यह त्योहार लगभग सभी धर्म के लोग मनाते हैं। इस त्योहार के आने के कई दिन पहले से ही घरों की लिपाई-पुताई, सजावट प्रारंभ हो जाती है। नए कपड़े बनवाए जाते हैं, मिठाइयाँ बनाई जाती हैं। यह त्योहार पाँच दिनों तक मनाया जाता है। धनतेरस से भाई दूज तक यह त्योहार चलता है। दीपावली के दिन लक्ष्मीजी की पूजा की जाती है। खील-बताशे का प्रसाद चढ़ाया जाता है। नए कपड़े पहने जाते हैं। फुलझड़ी, पटाखे छोड़े जाते हैं। दीपों की रंग-बिरंगी रोशनियाँ सबके मन को मोह लेती हैं। अगले दिन एक-दूसरे से मिलने-जुलने का दिन होता है। लोग एक-दूसरे के गले लगकर दीपावली की शुभकामनाएँ देते हैं| दीपावली का त्योहार सभी के जीवन को खुशी प्रदान करता है। नया जीवन जीने का उत्साह उत्पन्न करता है।

अभ्यास हेतु :- दशहरा

## अपठित पद्यांश

**अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

मुर्गा बोले - कुकड़ू-कूँ|
और कबूतर गुटरू-गूँ||
कुत्ता बोले- भौं- भौं- भौं|
भालू बोले- खों-खों- खों||
चिड़िया बोले- चीं-चीं-चीं|
बंदर की सुन- खीं-खीं-खीं||
बछड़ा बोले- बाँ-बाँ-बाँ|
बोले बच्चा - माँ-माँ-माँ||

**1 सही उत्तर पर ✓ लगाइए :-**

**(क)** 'गुटरू-गूँ' कौन करता है?

उत्तर कबूतर ✓

**(ख)** इस कविता में किस जानवर का नाम नहीं है?

**उत्तर** हाथी ✓

**(ग)** बछड़े की आवाज़ है-

**उत्तर** बाँ-बाँ-बाँ ✓

**(घ)** 'चीं-चीं-चीं' कौन करता है?

**उत्तर** चिड़िया ✓

**(ङ)** कुत्ते की आवाज़ है -

**उत्तर** भौं-भौं-भौं ✓

**2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

**(क)** मुर्गा कैसे बोलता है ?

उत्तर मुर्गा 'कुकड़ू-कूँ' बोलता है|

**(ख)** कुत्ते और भालू की आवाज़ में क्या अंतर है?

उत्तर कुत्ते की आवाज़ 'भौं-भौं-भौं' और भालू की आवाज़ 'खों-खों-खों' है|

**(ग)** बंदर मुँह से कैसी आवाज़ें निकालता है?

उत्तर बंदर मुँह से 'खीं-खीं-खीं' की आवाजें निकालता है|

**(घ)** बच्चे की मुँह से निकलने वाली ध्वनि क्या है?


उत्तर बच्चे की मुँह से निकलने वाली ध्वनि 'माँ-माँ-माँ' है|

(ड)    'बाँ-बाँ-बाँ' की आवाज़ कौन निकालता है?

उत्तर    'बाँ-बाँ-बाँ' की आवाज़ बछड़ा निकालता है|

# AUGUST SAMPLE NOTE BOOK(2021-2022)

## 6 ताजमहल



**नीचे दिए शब्दों के अर्थ लिखकर कोई दो शब्दों से वाक्य बनाइए :-**

(क) प्रसिद्ध- मशहूर

(ख) पर्यटक- सैलानी

(ग) उद्यान- बगीचा

(घ) आशा- उम्मीद

**वाक्य रचना**

(क) **प्रसिद्ध -** ताजमहल विश्व की प्रसिद्ध इमारत है|

(ख) **उद्यान -** उद्यान में बहुत से लोग टहल रहे हैं|

### अभ्यास कार्य

**1. प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**(क) ताजमहल किस नदी के किनारे पर स्थित है?**

उत्तर ताजमहल दिल्ली से लगभग 194 किलोमीटर दूर उत्तर प्रदेश के आगरा शहर में यमुना नदी के दाहिने किनारे पर स्थित है|

**(ख) ताजमहल किस पत्थर से बनाया गया है?**

उत्तर ताजमहल सफ़ेद संगमरमर के पत्थर से बनाया गया है|

**(ग) शाहजहाँ ने ताजमहल किसकी याद में बनवाया?**

उत्तर ताजमहल को मुगल बादशाह शाहजहाँ ने अपनी बेगम मुमताज महल की याद में बनवाया|

**(घ) ताजमहल की शोभा कब देखते ही बनती है?**

उत्तर चाँदनी रात में ताजमहल की शोभा देखते ही बनती है|

**(ड) मुमताज महल की कब्र कहाँ है?**

उत्तर ताजमहल इमारत के बड़े गुंबद के नीचे मुमताज महल की कब्र है|

**2. सही कथन पर सही ✓ और गलत कथन पर × लगाइए :-**

(क) ताजमहल विश्व की प्रसिद्ध इमारत है| (✓ )

(ख) ताजमहल दिल्ली में यमुना नदी के किनारे पर स्थित है| (✓ )

(ग) ताजमहल को बनाने में 15 वर्ष का समय लगा था| (× )

(घ) ताजमहल को देखने पर्यटक प्रतिदिन आते हैं( ✓ )

(ड.) आकांक्षा अमृतसर का स्वर्ण मंदिर देखने गई थी| (× )

**3. सही शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए:-**

फव्वारे, मीनारें, मज़ा, मुमताज, आकृष्ट

(क) एक बार मुमताज बहुत बीमार पड़ गई|

(ख) ताजमहल दर्शकों को अपनी ओर आकृष्ट कर लेता है|

(ग) सुंदर उद्यान में पानी के फव्वारे भी चलते हैं|

(घ) इसके चारों कोनों पर खड़ी मीनारें बहुत सुंदर हैं|

(ड.) यदि तुम भी मेरे साथ आती तो बहुत मज़ा आता|

**4. सही उत्तर पर ✓ लगाइए :-**

(क) आकांक्षा किसके साथ ताजमहल देखने गई?

माता-पिता ✓

(ख) ताजमहल किस राज्य में स्थित है?

उत्तर प्रदेश ✓

(ग) ताजमहल को बनाने में कितने वर्ष का समय लगा था?

20 ✓

## भाषा की बात

**1. सही विकल्प पर सही ✓ का निशान लगाओ :-**

(क) प्रश्न वाले वाक्यों के पूर्ण होने पर लगाया जाता है -

प्रश्न चिह्न (?) ✓

(ख) मन के भावों को प्रकट करने के लिए प्रयोग किया जाता है-

विस्मयबोधक (!) ✓

(ग) निम्नलिखित में विस्मयबोधक चिह्न है-

(!) ✓

**2. नीचे लिखे शब्द में से आठ शब्द ढूँढ़कर लिखिए :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क | म | ल | क | क | ड़ी |

कम, कमल, ककड़ी, लकड़ी, कड़ी, कल, लड़ी, मकड़ी

## गृहकार्य :- शब्दों को याद करिए

| | पर्यायवाची शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|
| (क) | प्रतिदिन- रोज़ाना, नित्य | शहर × गाँव |
| (ख) | पर्यटक- यात्री, मुसाफ़िर | सफ़ेद × काला |
| (ग) | सफ़ेद- श्वेत, धवल | प्रेम × घृणा |






# होली

**नीचे दिए शब्दों के अर्थ लिखकर कोई दो शब्दों से वाक्य बनाइए :-**

(क) त्योहार- पर्व

(ख) दर्द- पीड़ा

(ग) रंगीन- रंग वाला

(घ) प्रेम- प्यार

**वाक्य रचना**

(क) त्योहार- हमसभी को त्योहार मिलजुल कर मनाने चाहिए|

(ख) दर्द- दर्द का सही समय पर इलाज कराना ज़रूरी है|

## अभ्यास कार्य

**1. प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**(क) दिवांग ने माँ से पैसे किसलिए माँगे?**

उत्तर दिवांग ने माँ से पैसे गुब्बारों के लिए माँगे|

**(ख) होली का त्योहार कैसे मनाना चाहिए?**

उत्तर होली का त्योहार प्रेम से मनाना चाहिए|

**(ग) साइकिल सवार पर किसका रंग पड़ा?**

उत्तर साइकिल सवार पर दिवांग और जतिन की पिचकारी का रंग पड़ा|

**(घ) माँ ने दिवांग को क्या सीख दी?**

उत्तर माँ ने दिवांग को यह सीख दी कि मार-मार कर त्योहार नहीं मनाया जाता| त्योहार तो प्रेम से मनाया जाना चाहिए|

**2. सही कथन पर सही ✓ और गलत कथन पर × लगाइए :-**

(क) दिवांग पिचकारी लेकर घर से निकला| (✓ )

(ख) रंग तो गुब्बारों से ही सही डाला जाता है| (× )

(ग) मार-मार कर त्योहार नहीं मनाया जाता| (✓ )

(घ) गुब्बारे ज़मीन पर गिरकर लुढ़क गए| (× )

(ङ.) त्योहार प्रेम से मनाया जाना चाहिए| (✓ )

**3. सही शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए:-**

पिचकारी, माँ, गोला, भीग, रंगीन

(क) दिवांग माँ की बात समझ गया|

(ख) गुब्बबरों में रंगीन पानी भरा था|

(ग) रंग तो पिचकारी से भी डाला जा सकता है|

(घ) वे गोला बनाकर खड़े हो गए|

(ङ.) सभी रंग के पानी से भीग गए|

**4. सही उत्तर पर ✓ लगाइए :-**

(क) दिवांग को किसने समझाया?

माँ ने ✓

(ख) दिवांग पर रंग किसने डाला?

सभी ने ✓

(ग) त्योहार कैसे मनाना चाहिए?

प्रेम से ✓

**5. पाठ में ये वाक्य किसने कहे?**

(क) मजा तो उसी में आता है| मोंटू ने

(ख) अरे! यह तुम क्या करते हो? उन पर गुब्बारे क्यों फेंके? दिवांग ने

(ग) यह मुझे मेरी माँ ने बताया है| दिवांग ने

(घ) लेकिन रंग तो पिचकारी से भी डाला जा सकता है| दिवांग ने

(ड.) माँ, मुझे गुब्बारों के लिए पैसे दो| दिवांग ने

## भाषा की बात

**1. सही परसर्ग लगे वाक्य पर सही ✓ का निशान लगाओ :-**

(क) आज गुब्बारों का क्या करोगे? (✓ )

(ख) त्योहार तो प्रेम से मनाया जाता है| (✓ )

(ग) गुब्बारों में रंगीन पानी भरा था| (✓ )

## गृहकार्य :- शब्दों को याद करिए

| पर्यायवाची शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|
| बेटा- पुत्र, सुत | रंग × बेरंग |
| मज़ा- आनंद, मौज | बड़ी × छोटी |
| शरीर- देह, गात | प्रेम × घृणा |



# विशेषण

**1. सही उत्तर पर ✓ लगाइए :-**

**(क) विशेषण कहते हैं -**

संज्ञा, सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्दों को ✓

**(ख) 'उसने काले जूते खरीदे' वाक्य में विशेषण शब्द है -**

काले ✓

**(ग) 'फूल' के लिए सही विशेषण है -**

ये सभी ✓

**(घ) 'रोचक कहानी' में विशेषण है -**

रोचक ✓

**2. नीचे विशेषण और संज्ञा शब्दों के सही जोड़े मिलाइए :-**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | काली | बिल्ली |
| (ख) | बहती | नदी |
| (ग) | समझदार | लड़की |
| (घ) | विशाल | इमारत |
| (ड.) | मेहनती | मज़दूर |
| (च) | लंबी | रेलगाड़ी |
| (छ) | वीर | सैनिक |

**3. नीचे लिखे संज्ञा शब्दों के आगे उचित विशेषण शब्द लिखिए :-**

लाल - **सेब** हरा- **खेत**

विशाल - **हाथी** घना - **पेड़**

खट्टी - **इमली** रंग-बिरंगी - **तितलियाँ**

कड़वा - **करेला** मीठे - **लड्डू**

**4. उचित विशेषण शब्द छाँटकर वाक्यों को पूरा कीजिए :-**

(क) **परिश्रमी** लोग सदा सफलता प्राप्त करते हैं| (परिश्रमी, आलसी, सुस्त)

(ख) गार्ड ने हरी **झंडी** दिखाकर गाड़ी को रवाना किया| (लाल,हरी,नीली )

(ग) हमारे देश का **तिरंगा** झंडा सदा ऊँचा रहेगा| (तिरंगा, पंचरंगा )

(घ) इक्कीस मंज़िली यह इमारत बहुत **ऊँची** है| (चौड़ी,ऊँची,लंबी)

(ड.) **बूढ़ा** व्यक्ति चल नहीं सकता| (छोटा,बूढ़ा,लंबा)

(च) **मीठी** बोली से सबको जीता जा सकता है| (कटु,मीठी,कर्कश)

(छ) **रंग-बिरंगे** फूलों से बाग सजा हुआ है| (रंग-बिरंगे, काले-पीले)

## क्रियात्मक कार्य

**(क) अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**बात सभी ने यह है मानी**
**हवा सुबह की बड़ी सुहानी|**
**सदा ताज़गी देती है यह,**
**आलस को हर लेती है यह|**
**यह रोगी न होने देती,**
**तनिक न सेहत खोने देती|**

**सुबह सैर पर जाकर देखो,**

**हवा निराली पाकर देखो,**

**अगर सैर पर नित जाओगे,**

**अच्छी सेहत तुम पाओगे||**

**(क) इस कविता में किसका गुणगान किया गया है?**

उत्तर इस कविता में सुबह की ताज़गी भरी हवा का गुणगान किया गया है|

**(ख) सुबह की हवा कैसी होती है?**

उत्तर सुबह की हवा सुहानी होती है|

**(ग) सुबह की हवा हमें क्या देती है?**

उत्तर सुबह की हवा हमें ताज़गी देती है|

**(घ) नित सैर पर जाने से हम क्या पाएँगे?**

उत्तर नित सैर पर जाने से हम अच्छी सेहत पाएँगे|

**(ड) निरोगी शब्द का विलोम लिखिए :-**

उत्तर निरोगी × रोगी

## अनौपचारिक पत्र

**(ख) जन्मदिन की बधाई देते हुए मित्र को पत्र लिखिए|**

5/B, वसंत कुंज

मोटेरा

अहमदाबाद- 382424

दिनांक- 20 जून 2020

प्रिय सोहम

मधुर स्नेह

मित्र, आज के दिन का मुझे बहुत दिनों से इंतज़ार था, वह दिन है 20 जून| मित्र जन्मदिन की ढेरों बधाइयाँ व अच्छे स्वास्थ्य की कामना| पिछली बार हम सब मित्रों ने मिलकर इस दिन खूब मौज-मस्ती की थी| इस बार हम नहीं मिल पाए| इसलिए जन्मदिन की शुभकामनाएँ दोबारा देता हूँ| मेरे माता-पिता की तरफ़ से भी बधाई व आशीर्वाद| अपना ख्याल रखना| अगले साल फिर मिलेंगे|

तुम्हारा मित्र

अरनव

**अभ्यास हेतु - कक्षा में प्रथम आने पर मित्र को बधाई पत्र लिखिए|**

*******

# SAMPLE NOTE BOOK OF JULY(2020-21)

## 4 मोर

**नीचे दिए शब्दों के अर्थ लिखकर कोई दो शब्दों के वाक्य बनाइए :-**

(क) काया - शरीर

(ख) गुलशन - बाग

(ग) मेघ - बादल

(घ) अंबर - आसमान

**वाक्य रचना :-**

(क) **काया -** हमें अपनी काया को साफ़ सुथरा रखना चाहिए|

(ख) **गुलशन -** गुलशन में रंग-बिरंगे फूल खिले हुए हैं|

**अभ्यास कार्य**

**1. प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**(क) हमारा राष्ट्रीय पक्षी कौन-सा है?**

उत्तर हमारा राष्ट्रीय पक्षी मोर है|

**(ख) मोर का रंग-रूप कैसा होता है?**

उत्तर मोर का रंग-रूप नीलकमल जैसा तथा काया सुन्दर होती है|

**(ग) मोर किस चीज़ को चुराता है?**

उत्तर मोर सभी के मन को चुराता है|

**(घ) मोर की सुंदरता देखकर अंबर क्या करता है?**

उत्तर मोर की सुंदरता देखकर अंबर भी शर्माने लगता है|

**2. सही कथन पर सही (✓) और गलत कथन पर (×) लगाइए :-**

(क) मोर एक सुंदर पक्षी है| **(✓ )**

(ख) मोर का रंग नीला और काला होता है| **( × )**

(ग) मोर सबके मन को दुःख पहुँचाता है| **(× )**

(घ) हमारा राष्ट्रीय पक्षी मोर है है| **( ✓ )**

**3. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए :-**

ईश्वर ने कितनी सुंदर
**दी है इसको काया,**
नीलकमल जैसा रंग
**सबके मन को भाया|**

**4. सही उत्तर पर (✓) लगाइए :-**

(क) किसको देखकर बच्चों ने शोर मचाया?

मोर को ✓

(ख) मोर को इतनी सुंदरता किसने दी?

ईश्वर ने ✓

(ग) मेघ ने किसकी वाणी को सुनकर घनघोर किया?

मोर की ✓

(घ) भारत का राष्ट्रीय पक्षी है -

मोर ✓

## भाषा की बात


**1. समझो और विपरीत (उल्टे) शब्द पर सही (✓) का निशान लगाओ :-**

(क) **सुंदर -** कुरूप ✓

(ख) **धरती -** आकाश ✓

(ग) **शोर -** खामोशी ✓

**2. कैसे पहचाने स्त्रीलिंग या पुल्लिंग :- वाचन ( Reading only )**


2. कैसे पहचानें–स्त्रीलिंग है या पुल्लिंग?

पढ़कर देखो–

गाय दौड़ रही है। लड़की खेल रही है।

मछली तैर रही है। चिड़िया उड़ रही है।

ऊपर लिखे वाक्यों को पढ़कर क्रिया शब्दों से पता चला, गाय, लड़की, चिड़िया शब्द स्त्री अर्थात स्त्रीलिंग हैं।

घोड़ा दौड़ रहा है। लड़का खेल रहा है।

हंस तैर रहा है।

ऊपर लिखे वाक्यों को पढ़कर क्रिया शब्दों से पता चला, घोड़ा, लड़का पुरुष अर्थात पुल्लिंग हैं। लिंग दो प्रकार के होते हैं–स्त्रीलिंग और पुल्लिंग

**3. निम्नलिखित शब्दों के लिंग जानने के लिए मन में वाक्य बनाकर देखिए,शब्दों को सही**

**खाने में लिखिए:-**

नौकर चुहिया कबूतर गुड़िया रस्सी सेठ

चींटी बछड़ा बछिया पहाड़ राक्षस चोरनी

| स्त्रीलिंग | पुल्लिंग |
|---|---|
| रस्सी | नौकर |
| चींटी | कबूतर |
| गुड़िया | राक्षस |
| चोरनी | पहाड़ |
| चुहिया | सेठ |
| बछिया | बछड़ा |

**गृहकार्य :- शब्दों को याद करिए|**

| | पर्यायवाची शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|
| (क) | मोर- मयूर, नीलकंठ | बच्चे × बूढ़े |
| (ख) | काया- देह, शरीर | खूब × थोड़ा |
| (ग) | अंबर- आसमान, नभ | सुंदरता × कुरूपता |



## उल्लू की सूझ

**1. नीचे दिए शब्दों के अर्थ लिखकर कोई दो शब्दों के वाक्य बनाइए :-**

(क) गपशप - बातें करना

(ख) मुलायम - नरम

(ग) दबोच - पकड़

(घ) सख्त - कठोर

**वाक्य रचना**

(क) **गपशप -** मेरे परिवार के सभी लोग आपस में गपशप कर रहे हैं|

(ख) **दबोच -** बिल्ली ने चूहे को दबोच लिया|

**अभ्यास कार्य**

**1. प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**(क) बाघ को देखकर उल्लू क्यों चिल्लाया?**

उत्तर बाघ को देखकर उल्लू चिल्लाया क्योंकि वह अपने मित्र कछुए को सचेत करना चाहता था|

**(ख) कछुआ क्यों पकड़ा गया?**

उत्तर अपनी धीमी चाल के कारण कछुआ पकड़ा गया|

**(ग) उल्लू ने बाघ से क्या कहा?**

उत्तर उल्लू ने बाघ से कहा, "बाघ भाई, कछुए का खोल धूप में सूखकर सख्त हो गया है| अगर आप कछुए को थोड़ी देर तालाब के पानी में छोड़ दें तो उसका खोल मुलायम और स्वादिष्ट हो जाएगा|"

**(घ) बाघ ने कछुए को पानी में क्यों फेंक दिया?**

उत्तर जब बाघ द्वारा पूरा ज़ोर लगाने पर भी कछुए का खोल नहीं टूटा तो उल्लू के कहने पर बाघ ने उस के खोल को मुलायम करने के लिए पानी में फेंक दिया|

**2. किसने कहा? किससे कहा? पाठ पढ़कर लिखिए :-**

(क) भागो दोस्त, भागो!

(ख) खोल धूप में सूखकर सख्त हो गया है|

(ग) तुम मुझे क्या बता रहे हो?

| | किसने कहा? | किससे कहा? |
|---|---|---|
| (क) | उल्लू ने | कछुए से |
| (ख) | उल्लू ने | बाघ से |
| (ग) | बाघ ने | उल्लू से |

**3. सही शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए:-**

**दाँतों नाखूनों तालाब गपशप धीमी**

(क) दोनों दोस्त घंटों **गपशप** करते|

(ख) कछुआ **धीमी** चाल के कारण तालाब तक नहीं पहुँच सका|

(ग) उसने **दाँतों** और **नाखूनों** से कछुए को काटने की कोशिश की|

(घ) कछुआ तैरता हुआ **तालाब** में गायब हो गया|

**4. सही उत्तर पर (✓) लगाइए :-**

(क) बाघ को देखकर कौन चिल्लाया?

उल्लू ✓

(ख) बाघ को सलाह किसने दी?

उल्लू ✓

(ग) उल्लू की मित्रता किससे हो गई?

कछुआ ✓

(घ) तालाब के किनारे कौन बैठा रह गया?

बाघ ✓

## भाषा की बात

**1. समझो और समान अर्थ वाले शब्द के सामने (✓) लगाइए :-**

(क) जंगल- **वन** ✓

(ख) दाँत- **दंत** ✓

(ग) कोशिश - **प्रयत्न** ✓

(घ) गायब - **लुप्त** ✓

(ङ.) पेड़ - **वृक्ष** ✓

**2. बाई ओर लिखे संयुक्त वर्ण के लिए एक शब्द लिखिए:-**

| | | |
|---|---|---|
| व्य | - व्यवहार, व्यवधान | **व्यय** |
| क्य | - वाक्य, क्यारी | **क्योंकि** |
| स्स | - रस्सी, लस्सी | **किस्सा** |
| ल्ल | - बल्ला, गल्ला | **दिल्ली** |
| च्च | - बच्चा, सच्चा | **कच्चा** |

**3. शब्दों का उलट फेर:-**

सूझा उसको एक बहाना

उसको एक बहाना सूझा

**ऐसे ही एक वाक्य को दोनों ढंग से लिखिए:-**

(क) एक उसने चाल चली|

उसने एक चली चाल |



## व्याकरण ‘वचन’

1. **सही उत्तर पर (✓) लगाइए :-**

**(क) वचन कहते हैं -**

शब्द के उस रूप को, जिससे उसके एक या अनेक होने का पता चले ✓

**(ख) वचन के प्रकार हैं -**

दो ✓

**(ग) ‘छत्ता’ शब्द का बहुवचन है -**

छत्ते ✓

**(घ) ‘पत्ती’ शब्द का बहुवचन है -**

पत्तियाँ ✓

**2. निम्नलिखित शब्दों में से एकवचन व बहुवचन शब्द छाँटकर लिखिए :-**

गुब्बारा, पंखा, कमीज़ें, लड़की, कपड़े, संतरे, बोतल, घड़ियाँ, जूते, गुड्डा

| | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|
| (क) | पंखा | कमीज़ें |
| (ख) | गुब्बारा | संतरे |

(ग) लड़की कपड़े

(घ) बोतल घड़ियाँ

(ङ.) गुड्डा जूते

**3. उचित शब्द द्वारा खाली स्थान भरिए:-**

(क) उसके पास पाँच रुपये हैं| **(रुपया / रुपये)**

(ख) उसका कुरता नया है| **(कुरता / कुरते)**

(ग) सुमन ने दो गुड़ियाँ खरीदीं| **(गुड़िया / गुड़ियाँ)**

(घ) कार्तिकेय के पास कई खिलौने हैं| **(खिलौना / खिलौने)**

**4. एक को अनेक से मिलाइए :-**



## 'सर्वनाम'

1. **सही उत्तर पर (✓) लगाइए :-**

**(क) सर्वनाम कहते हैं -**

संज्ञा शब्दों के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्दों को ✓

**(ख)** **सर्वनाम शब्दों के लिंग का पता चलता है -**

उनकी क्रियाओं से ✓

**(ग)** **निम्नलिखित शब्दों में सर्वनाम नहीं है -**

अच्छा ✓

**(घ)** **किस सर्वनाम का प्रयोग एकवचन और बहुवचन दोनों में किया जाता है ?**

तुम ✓

**2.** **दिए गए शब्दों में से उचित सर्वनाम चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :-**

**अपना, कोई, तुम, कुछ, वे, कौन, क्या**

(क) प्रेरित तुम कब पढ़ने बैठोगे?

(ख) मैं अपना काम खुद ही कर लूँगा|

(ग) तुम क्या पढ़ रही हो?

(घ) दरवाज़े पर कौन खड़ा है?

(ड.) दाल में कुछ पड़ा है|

(च) वे कल हवाई जहाज़ से मुंबई जाएँगे|

(छ) बाहर कोई खड़ा है|

**3.** **नीचे लिखे गद्यांश में कुछ संज्ञा शब्दों का बार-बार प्रयोग किया गया है,इनके स्थान पर सर्वनाम शब्दों का प्रयोग कर वाक्यों को दोबारा लिखिए :-**

आज राहुल का जन्मदिन है। राहुल के माता-पिता उसका जन्मदिन मैकडोनाल्ड में मनाएँगे। राहुल ने राहुल
जन्मदिवस पर राहुल के मित्रों को भी बुलाया है। राहुल के मित्र कल ठीक चार बजे राहुल के घर
जाएँगे, जहाँ से राहुल के पिता सबको राहुल के पिता की बी॰एम॰डब्ल्यू॰ कार में बैठाकर मैकडोनाल्ड
जाएँगे। मैकडोनाल्ड में राहुल और राहुल के मित्र खूब मौज़-मस्ती करेंगे।

आज राहुल का जन्मदिन है| **उस** के माता-पिता **उसका** जन्मदिन मैकडोनाल्ड में मनाएँगे| उस ने **अपने** जन्मदिवस पर **अपने** सभी मित्रों को भी बुलाया है| **उसके** मित्र कल ठीक चार बजे उसके घर पहुँच जाएँगे| जहाँ से उसके पिता सबको अपनी बी.एम.डब्ब्ल्यू. कार में बैठाकर मैकडोनाल्ड ले जाएँगे| मैकडोनाल्ड में राहुल (वह) और **उसके** मित्र खूब मस्ती करेंगे|

## क्रियात्मक कार्य 'अनुच्छेद लेखन'

**नीचे दिए विषय पर 40 से 45 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :-**

### मेरा परिवार

हमारा परिवार बहुत छोटा है| हम घर में पाँच सदस्य रहते हैं| माँ, पिता जी, दादी, मैं और मेरा भाई| मेरा भाई मुझसे दो साल बड़ा है, उसका नाम बंटी है| हम दोनों एक ही विद्यालय में पढ़ते हैं| मेरा भाई सातवीं कक्षा में पढ़ता है और मैं पाँचवी कक्षा में पढ़ती हूँ| हम दोनों पैदल विद्यालय जाते हैं क्योंकि हमारा विद्यालय घर के समीप है| मेरे पिताजी ऑफिस में काम करते हैं| वे ऑफिस बस से ही आते-जाते हैं| मेरी माँ अध्यापिका हैं| उनका स्कूल घर से कुछ ही दूरी पर है| घर में दादी अकेली रहती हैं| अभी वह अपना काम स्वयं करने में सक्षम हैं| अभी कोरोना वायरस की वजह से हम सब घर पर एक दूसरे के साथ अपना समय बिता रहे हैं| माँ और पिताजी हमें हास्यप्रद चुटकुले और कविताएँ सुनाते हैं| मेरे घर का वातावरण बहुत ही शांत है| घर में आई समस्याओं का समाधान हम सब मिल-जुलकर करते हैं| मुझे अपने परिवार से बहुत प्यार है|

**अभ्यास हेतु :-** मेरा मित्र

# चित्र-वर्णन

**चित्र को देखकर 40 से 45 शब्दों में उसका वर्णन कीजिए :-**



यह एक सुंदर सा चित्र है| नीला आसमान दिख रहा है| आसमान में सफ़ेद बादल छाए हैं| पक्षी उड़ रहे हैं| एक सुंदर घर है| जिसके बाहर चार बच्चे खेल रहे हैं| दो लड़के मछली पकड़ रहे हैं| उनके पास लाल रंग की बाल्टी और एक हरे रंग का बक्सा दिख रहा है| एक हिरन खड़ा है और दूसरा हिरन बैठकर देख रहा है| आस-पास सुंदर रंग-बिरंगे फूल खिले हुए हैं| बीच में सुंदर-सा घर दिख रहा है| घर के बाहर दो बच्चे छोटे से पिल्ले के साथ खेल रहे हैं| दो नीले रंग की कुर्सियाँ दिख रही हैं| चारों ओर हरे-भरे पेड़ हैं| छोटा सा सफ़ेद पिल्ला खरगोश को ध्यान से देख रहा है| दूर हर-भरे पहाड़ों के पास छोटा-सा घर दिख रहा है| नदी का पानी हरे और नीले रंग का हो गया है| पेड़ के खोखल में से दो साँप छिपकर सारा नज़ारा देख रहे हैं| यह बहुत ही मनोरम और सुंदर चित्र है| इस चित्र को देखकर मुझे भी वहाँ जाने की इच्छा हो रही है|

****

# SAMPLE NOTE BOOK OF JUNE(2020-21)



## सीख

**नीचे दिए शब्दों के अर्थ लिखकर कोई दो शब्दों के वाक्य बनाइए :-**

(क) प्रिय - प्यारा

(ख) उपचार - इलाज

(ग) फुर्ती - तेज़ी

(घ) सबक - शिक्षा, सीख

**वाक्य रचना**

(क) **प्रिय** - सोहम मेरा प्रिय मित्र है|

(ख) **उपचार** - रोगों का समय पर सही उपचार करना चाहिए||

**अभ्यास कार्य**

**1. प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

(क) अजय के चेहरे पर खुशी क्यों थी?

उत्तर दीपावली अजय का सबसे प्रिय त्योहार था जिसमें उसे खूब सारे पटाखे जलाने के लिए मिलते थे| इसलिए अजय के चेहरे पर खुशी थी|

(ख) किस तरह की शैतानियाँ खतरनाक सिद्ध हो सकती हैं?

उत्तर मटकी रखकर पटाखे जलाने जैसे खतरनाक खेल वाली शैतानियाँ खतरनाक सिद्ध हो सकती हैं|

(ग) अजय ने अपनी मम्मी-पापा से कौन-सा वादा किया?

उत्तर अजय ने अपनी मम्मी-पापा से वादा किया कि मुझे अपनी गलती का सबक मिल गया है| आगे फिर कभी पटाखों से खेलने की भूल नहीं करूँगा|

(घ) अजय की मम्मी ने क्यों रोना शुरू कर दिया?

उत्तर अजय को खून में लथपथ देखकर उसकी मम्मी ने रोना शुरू कर दिया|

(ड) अजय ने छोटी-छोटी मटकियों का प्रयोग किसलिए किया?

उत्तर अजय ने छोटी-छोटी मटकियों का प्रयोग बम जलाने के लिए किया|

**2. किसने कहा?किससे कहा? पाठ पढ़कर लिखिए :-**

(क) तो यह सब तुम्हारी शैतानी थी?

(ख) आओ! एक नया तमाशा करते हैं|

(ग) नहीं, ऐसा मत करना| यह खेल खतरनाक साबित हो सकता है|

(घ) अब तुम्हें कुछ दिन तक इसी हालत में रहना होगा|

| | किसने कहा? | किससे कहा? |
|---|---|---|
| (क) | माँ ने | अजय से |
| (ख) | अजय ने | अखिल से |
| (ग) | अखिल ने | अजय से |
| (घ) | माँ ने | अजय से |

**3. खाली स्थान भरिए :-**

**{ सचेत, गलती, प्रिय, लथपथ, दिमाग }**

(क) दीपावली उसका सबसे **<u>प्रिय</u>** त्योहार था|

(ख) उसके **<u>दिमाग</u>** में एक शैतानी उमड़ी|

(ग) उसको खून से **<u>लथपथ</u>** देखकर माँ रोने लगी|

(घ) मैंने तुम्हें पहले ही **<u>सचेत</u>** किया था|

(ङ) मुझे अपनी **<u>गलती</u>** का सबक मिल गया है|

**4. सही उत्तर पर ✓ लगाइए :-**

(क) अजय ने बम कहाँ रखा था?

(1) छत पर (2) जेब में (3) ज़मीन पर ✓ (4) अलमारी में

(ख) अजय ने फुर्ती से बम के उपर क्या रख दिया?

(1) कपड़ा (2) मटकी ✓ (3) कागज़ (4) डिब्बा

(ग) अच्छे बच्चे किस तरह का काम नहीं करते?

(1) खतरनाक ✓ (2) सरल (3) प्रिय (4) कठिन

**<u>भाषा की बात</u>**

**1. नीचे लिखे वाक्यों में विशेषण शब्द पर ✓ का निशान लगाइए :-**

(क) दीपावली उसका प्रिय त्योहार था|

(1) दीपावली (2) उसका (3) प्रिय ✓ (4) त्योहार

(ख) अजय शैतान लड़का है|

(1) अजय (2) लड़का (3) शैतान ✓ (4) है

(ग) वहाँ कुछ पुरानी मटकियाँ पड़ी थीं|

(1) वहाँ (2) मटकियाँ (3) पुरानी ✓ (4) पड़ी थीं

(घ) अखिल अजय से बुद्धिमान है|

(1) अखिल (2) अजय (3) से (4) बुद्धिमान ✓

2. **प्रत्येक पंक्ति में जो शब्द अलग है, उस पर × लगाइए :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पाठशाला | स्कूल | विद्यालय | बस्ता × |
| नमस्ते | नमस्कार | स्वागत × | प्रणाम |
| बेल × | गुलाब | रजनीगंधा | सूरजमुखी |
| बगीचा | उपवन | खेत × | बगिया |
| मेज़ | कलम × | कुरसी | सोफ़ा |
| होली | ईद | क्रिसमस | गांधी जयंती × |

**गृहकार्य :-** नीचे दिए शब्दों को याद करिए|

**पर्यायवाची शब्द**

(क) प्रिय - प्यारा, रुचिकर

(ख) आँख - नेत्र, चक्षु

(ग) सबक - सीख, शिक्षा

**विलोम शब्द**

प्रिय × अप्रिय

दोस्त × दुश्मन

सच × झूठ



## व्याकरण 'लिंग'

1. **सही उत्तर पर (✓) लगाइए :-**

**(क) लिंग कहते हैं -**

**(1)** शब्द के उस रूप को, जिससे स्त्री या पुरुष जाति का पता चले ✓ **(2)** शब्द के उस रूप को, जिससे वस्तु की संख्या का पता चले **(iii)** (i) व (ii) दोनों **(iv)** इनमें से कोई नहीं

**(ख) लिंग के भेद हैं -**

(1) दो ✓ (2) चार (3) तीन (4) पाँच

**(ग) स्त्रीलिंग शब्द है -**

(1) कवि (2) सम्राट (3) विदुषी ✓ (4) चूहा

**(घ) पुल्लिंग शब्द है -**

(1) शेरनी (2) मोरनी (3) अभिनेत्री (4) हाथी ✓

**2. नीचे दिए गए चित्रों के स्त्रीलिंग शब्द लिखिए :-**







| | | | |
|---|---|---|---|
| अध्यापिका | शेरनी | लड़की | मोरनी |

**3. निम्नलिखित शब्दों में से स्त्रीलिंग व पुल्लिंग शब्द छाँटकर लिखिए :-**

**( ग्वालिन, बैल, शेर, माता, मुर्गी, मोर, औरत, हथिनी, गुड्डा, लड़का )**

| | **स्त्रीलिंग** | **पुल्लिंग** |
|---|---|---|
| (क) | ग्वालिन | बैल |
| (ख) | माता | शेर |
| (ग) | मुर्गी | गुड्डा |
| (घ) | औरत | लड़का |
| (ड) | हथिनी | मोर |

**4. नीचे लिखे वाक्यों में लिंग परिवर्तन कर वाक्य दोबारा लिखिए :-**

(क) **युवक** पुस्तक पढ़ रहा है|

**युवती** पुस्तक पढ़ रही है|

(ख) **भैंस** घास चर रही है|

**भैंसा** घास चर रहा है|

(ग) **चाचा जी** कल आएँगे|

**चाची जी** कल आएँगी|

(घ) **मोर** नाच रहा है|

**मोरनी** नाच रही है|

(ङ) **कवि** कविता सुना रहा है|

**कवयित्री** कविता सुना रही है|

**5. अपनी कक्षा की इन वस्तुओं के आगे उनका लिंग लिखिए :-**

चॉक - पुल्लिंग

कुरसी - स्त्रीलिंग

पुस्तक - स्त्रीलिंग

ब्लैकबोर्ड - पुल्लिंग

चार्ट - पुल्लिंग

पेंसिल - स्त्रीलिंग

डस्टर - पुल्लिंग

मेज़ - स्त्रीलिंग

पैन - पुल्लिंग

मानचित्र - पुल्लिंग

डस्टबिन - पुल्लिंग

रबड़ - पुल्लिंग

## **अनौपचारिक पत्र का प्रारूप (Format)**

ए-302, आरोही फ्लेट्स (पत्र लिखने वाले का पता)

मोटेरा

अहमदाबाद, गुजरात

दिनांक : 24 जून 2021 (पत्र लिखने का दिनांक)

प्रिय मित्र, आरव (जिसे पत्र लिखा जा रहा है उसका नाम)

सप्रेम नमस्ते|

-------------------------------------- संदेश ------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------|

तुम्हारा मित्र (पत्र भेजने वाले का नाम)

अमन

**अभ्यास हेतु** - अपने घर का पता व पत्र के प्रारूप का लिखकर अभ्यास करना|

****

**DELHI PUBLIC SCHOOL,GANDHINAGAR**
**SAMPLE NOTE BOOK STD- III 2021-22 HINDI**
**TERM - I**

## पाठ्यपुस्तक

## पाठ-1 अंधकार की नहीं चलेगी

**नीचे दिए शब्दों के अर्थ लिखकर कोई दो शब्दों के वाक्य बनाइए :-**

(क) अंधकार - अंधेरा

(ख) कष्ट - दु:ख

(ग) पुत्र - बेटा

(घ) सदा - हमेशा

**वाक्य रचना**

(क) अंधकार - सूरज के उदय होते ही अंधकार दूर हो जाता है|

(ख) कष्ट - हमें किसी को कष्ट नहीं पहुँचाना चाहिए|

**अभ्यास कार्य**

**1. प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

(क) सुबह होने पर भी कौन सोया है?

उत्तर सुबह होने पर भी सूरज सोया है|

(ख) सूरज को कौन ढाँप लेता है?

उत्तर सूरज को कोहरा ढाँप लेता है|

(ग) सूरज किसके झूठे चक्रव्यूह को काटकर बाहर आता है?

उत्तर सूरज कोहरे के झूठे चक्रव्यूह को काटकर बाहर आता है|

(घ) सूरज के आगे किसकी नहीं चलेगी?

उत्तर सूरज के आगे अंधकार और कोहरे की कभी नहीं चलेगी|

**(पाठ्यपुस्तक में किया जाने वाला कार्य)**

**2. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए :-**

जब जाते हो **सुबह** काम पर,

डरे-डरे से **तुम** रहते हो|

क्या है बोलो कष्ट तुम्हें **<u>प्रिय,</u>**
साफ़-साफ़ **<u>क्यों</u>** न कहते हो|

सूरज बोला **<u>सुबह-सुबह</u>** ही
**<u>कोहरा</u>** मुझे ढाँप लेता है|
निकल सकूँ कैसे **<u>चंगुल</u>** से,
कोई नहीं **<u>साथ</u>** देता है|

**3. सही कथन पर सही ✓ और गलत कथन पर × लगाइए :-**

(क) सूरज माँ से प्रश्न पूछ रहा है| ( × )

(ख) माँ खोई-खोई रहती हैं| ( × )

(ग) कोहरा कभी भी सूरज का कुछ नहीं बिगाड़ पाता| ( ✓ )

(घ) सूरज के आने से अंधेरा भाग जाता है| ( ✓ )

(ड) माँ ने सूरज को निश्चिंत होकर जंग में कूदने को कहा| ( ✓ )

**4. सही विकल्प पर ✓ लगाइए :-**

(क) कई दिनों से खोया-खोया कौन था?

(1) सूरज ✓ (2) तारे (3) चाँद (4) आकाश

(ख) सूरज से कौन सवाल पूछ रहा है?

(1) माँ ✓ (2) दादी (3) पापा (4) नानी

(ग) सूरज का नाम कौन लेते हैं?

(1) कवि (2) कोविद (3) दोनों ✓ (4) इनमें से कोई नहीं

(घ) सदा किसकी जीत होगी?

(1) माँ की (2) कोहरे की (3) अंधकार की (4) सूरज की ✓

**<u>भाषा की बात</u>**

**1. इस कविता में से नाम वाले शब्द ( संज्ञा ) छाँटकर लिखिए :-**

| | | |
|---|---|---|
| (क) माँ | (घ) कोविद | (छ) बच्चे |
| (ख) सूरज | (ड) पुत्र | (ज) बूढ़े |
| (ग) बेटे | (च) कवि | (झ) कोहरा |

**2. उल्टे अर्थ वाले शब्द लिखिए :-**

(क) सुबह × शाम

(ख) सोना × जागना

(ग) बच्चा × बूढ़ा

(घ) दिन × रात

(ङ) झूठ × सच

(च) अंधेरा × उजाला

**3. समान अर्थ वाले शब्दों के जोड़े बनाइए :-**

**माँ सुबह सूरज काम सदा अंधेरा**

(क) माँ - माता

(ख) सुबह - प्रात:

(ग) हमेशा - सदा

(घ) सूरज - रवि

(ङ) अंधकार - अंधेरा

(च) कार्य - काम

गृहकार्य :- शब्दों को याद करिए

| | **पर्यायवाची शब्द** | **विलोम शब्द** |
|---|---|---|
| (क) | माँ - माता, जननी | सुबह × शाम |
| (ख) | सूरज - सूर्य, रवि | अंधेरा × उजाला |
| (ग) | बेटा - पुत्र, तनय | बाहर × अंदर |
| (घ) | सुबह - प्रात:, उषा | विजय × पराजय |

## <u>पाठ-2 निर्मल गंगा</u>

**नीचे दिए शब्दों के अर्थ लिखकर कोई दो शब्दों के वाक्य बनाइए :-**

(क) प्रदूषण - गंदगी

(ख) पावनी - पवित्र

(ग) कचरा - कूड़ा

(घ) शीघ्र - जल्दी

**वाक्य रचना**

(क) पावनी - गंगा हमारे देश की पावनी नदी है|

(ख) शीघ्र - मैंने अपना कार्य शीघ्र पूरा कर लिया|

**अभ्यास कार्य**

**1. प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

(क) गंगा का प्रवाह कहाँ से कहाँ तक है?

उत्तर गंगा का प्रवाह हिमालय पर्वत से निकलकर उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल से बहते हुए बंगाल की खाड़ी में विलीन हो जाती है|

(ख) वर्ष 2000 से 2010 तक गंगा की सफ़ाई के नाम पर सरकार ने कितने रुपये खर्च किए?

उत्तर वर्ष 2000 से 2010 तक गंगा की सफ़ाई के नाम पर सरकार ने 2,800 करोड़ रुपये खर्च किए|

(ग) मन को किस बात से ठेस लगती है?

उत्तर गंगा का नाम भर लेने से लोग तर जाते हैं,पापमुक्त हो जाते हैं| उसी पतित पावनी गंगा की प्रदूषित दशा देखकर मन को बड़ी ठेस लगती है|

(घ) गंगा की शुद्धिकरण क्षमता क्या है?

उत्तर गंगा की शुद्धिकरण क्षमता अपने जल में प्राण वायु ऑक्सीजन की मात्रा को बनाए रखने की है|

(ङ) हमें क्या प्रण लेना होगा?

उत्तर हमें प्रण लेना होगा कि न तो हम स्वयं गंगा को प्रदूषित करेंगे और न ही अपनी आँखों के सामने किसी को ऐसा करने देंगे|

**(पाठ्यपुस्तक में किया जाने वाला कार्य)**

**2. सही कथन पर सही ✓ और गलत कथन पर × लगाइए :-**

(क) गंगा की निर्मलता आज हर भारतीय का सपना है| ( ✓ )

(ख) गंगा में लगातार प्रदूषण बढ़ना अचरज की बात नहीं है| (✓ )

(ग) गंगा अभिषेक अभियान सरकार द्वारा शुरू किया गया| ( × )

(घ) गंगा प्रज्ञा मंडल के 50 हजार कार्यकर्ता गंगा को स्वच्छ करने में जुटे हुए हैं| ( ✓ )

(ङ) गंगा का जैविक ऑक्सीजन स्तर 3 डिग्री से बढ़कर 6 डिग्री हो चुका है| ( ✓ )

**3. खाली स्थान भरिए :-**

**{ प्रदूषण, मात्रा, पतन, नाम, राष्ट्रीय }**

(क) गंगा को **<u>राष्ट्रीय</u>** नदी घोषित कर दिया गया|

(ख) गंगा का **<u>नाम</u>** लेने से लोग तर जाते हैं|

(ग) गंगा अब **<u>प्रदूषण</u>** का पर्याय बनती जा रही है|

(घ) गंगाजल में प्राणवायु ऑक्सीजन की **<u>मात्रा</u>** को बनाए रखने की अद्भुत क्षमता है|

(ङ) गंगा की यह दशा हमारी सभ्यता और संस्कृति के **<u>पतन</u>** की सूचक है|

**4. सही उत्तर पर ✓ लगाइए :-**

(क) गंगा कौन से पर्वत से निकलती है?

(1) हिमालय से ✓ (2) अरावली से (3) विंध्याचल से (4) मैनाक से

(ख) गंगा को राष्ट्रीय नदी कब घोषित किया गया?

(1) 2006 ई. में (2) 2010 ई. में (3) 2008 ई.✓ (4) 2012 ई. में

(ग) "गंगा सफ़ाई परियोजना" पर कितना धन व्यय हुआ?

(1) 8 करोड़ (2) 2800 करोड़ ✓ (3) 1800 करोड़ (4) 3800 करोड़

(घ) गंगाजल में किसकी मात्रा को बनाए रखने की अद्भुत क्षमता है?

(1) नाइट्रोजन की (2) कार्बन- डाइ-ऑक्साइड की (3) ऑक्सीजन की ✓

(4) कार्बन- मोनो-ऑक्साइड की

**5. इन चित्रों के आधार पर गंगा के बारे में कुछ वाक्य लिखिए :-**



गंगा हमारे देश की पवित्र नदी है| "गंगा प्रज्ञा मंडल" के 50 हजार कार्यकर्ताओं ने गंगा को साफ़ करने का बीड़ा उठाया है| गंगा अब प्रदूषण का पर्याय बनती जा रही है| प्रदूषित कचरा प्रतिदिन गंगा में गिर रहा है| हमें प्रण लेना होगा कि न तो हम स्वयं गंगा को प्रदूषित करेंगे और न ही अपनी आँखों के सामने किसी को ऐसा करने देंगे|

**<u>भाषा की बात</u>**

**1. नीचे लिखे सर्वनाम शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-**

(क) वह - **<u>वह</u>** देखो हाथी यहीं आ रहा है|

(ख) मैं - **<u>मैं</u>** खाना खा रहा हूँ|

(ग) वे - **<u>वे</u>** सभी मेरे मित्र हैं|

(घ) उन्होंने - **<u>उन्होंने</u>** अपना काम कर लिया है|

(ङ) हम - आओ **<u>हम</u>** सब मिलकर सामान खरीदें|

(च) उसने - **<u>उसने</u>** अभी तक भोजन नहीं किया है|

**2. सर्वनाम शब्द पर सही ✓ का निशान लगाइए :-**

(क) (1) गंगा (2) नदी (3) वह ✓

(ख) (1) उसे ✓ (2) विशाल (3) पर्वत

**3. जो शब्द सर्वनाम नहीं है उस पर सही ✓ का निशान लगाइए :-**

(क) (1) मैं (2) आप (3) धर्म ✓

**4. पाठ से चुनकर कुछ संज्ञा और सर्वनाम शब्द लिखिए :-**

संज्ञा - गंगा, वैज्ञानिक, यमुना, नर्मदा, गोमती

सर्वनाम - यह, हमें, हमारी, इसके, अपनी, उसी

गृहकार्य :- शब्दों को याद करिए

| | **पर्यायवाची शब्द** | | **विलोम शब्द** | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | पर्वत | - पहाड़, गिरि | सम्मान | × | अपमान |
| (ख) | नदी | - सरिता, सलिला | प्राचीन | × | नवीन |
| (ग) | मन | - हृदय, उर | पाप | × | पुण्य |
| (घ) | जल | - पानी, नीर | सभ्यता | × | असभ्यता |

## <u>व्याकरण</u>

**<u>(पाठ्यपुस्तक में किया जाने वाला कार्य)</u>**

### <u>वर्ण और वर्णमाला</u> ( Phonemes and Alphabet )

1. **सही उत्तर के सामने सही ✓ का निशान लगाइए :-**

(क) वर्ण कहते हैं -

(1) सबसे छोटी ध्वनि को ✓ (2) छोटे शब्दों को (3) भाषा को (4) सभी को

(ख) वर्ण के भेद हैं -

(1) दो ✓ (2) चार (3) तीन (4) पाँच

(ग) हिन्दी वर्णमाला में कुल वर्ण हैं -

(1) 44 (2) 48 ✓ (3) 46 (4) 52

(घ) संयुक्त व्यंजन हैं -

(1) क,ख,ग,ह (2) च,छ,ज,झ (3) क्ष,त्र,ज्ञ,श्र ✓ (4) प,फ़,ब,भ

2. **नीचे लिखे संयुक्त वर्णों से दो-दो शब्द लिखिए :-**

**क्ष** - कक्षा , क्षमता

**त्र** – पत्र , मित्र

**ज्ञ** -विज्ञान , ज्ञानी

**श्र** - विश्राम , श्रमिक

3. **नहीं करना है|** ×

4. **दिए गए अंकों से रिक्त स्थान भरिए :-**

(क) हिंदी में स्वरों की संख्या <u>11</u> है और व्यंजनों की संख्या <u>33</u> है| ( **11,13,31,33** )

(ख) व्यंजनों में ड़ और ढ़ को जोड़ने पर इनकी संख्या <u>35</u> हो जाती है ( 33,35,34,37) |

(ग) संयुक्त वर्णों को जोड़ने पर हिन्दी वर्णमाला में वर्णों की संख्या <u>52</u> हो जाती है 33,42,48,52) |

(घ) हिंदी वर्णमाला में अयोगवाह की संख्या <u>2</u> है| ( 4, 33, 2, 11 )

**5.**

**मात्राओं को व्यंजन वर्णों के साथ मिलाकर लिखिए :-**

| वर्ण | अ ✕ | आ ा | इ ि | ई ी | उ ु | ऊ ू | ऋ ृ | ए े | ऐ ै | ओ ो | औ ौ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क् | क | का | कि | की | कु | कू | कृ | के | कै | को | कौ |
| ग् | ग | गा | गि | गी | गु | गू | गृ | गे | गै | गो | गौ |
| घ् | घ | घा | घि | घी | घु | घू | घृ | घे | घै | घो | घौ |
| प् | प | पा | पि | पी | पु | पू | पृ | पे | पै | पो | पौ |
| व् | व | वा | वि | वी | वु | वू | वृ | वे | वै | वो | वौ |

## संज्ञा ( Noun )

**(पाठ्यपुस्तक में किया जाने वाला कार्य)**

**1. सही उत्तर के सामने सही ✓ का निशान लगाइए :-**

(क) संज्ञा कहते हैं -

(1) संसार की उन सभी वस्तुओं को जिनका कुछ नाम होता है

(2) व्यक्ति,वस्तु ,स्थान या भाव के नाम को

(3) (1) एवं (2) दोनों को ✓ (4) इनमें से कोई नहीं

(ख) संज्ञा के भेद हैं -

(1) दो (2) चार (3) तीन ✓ (4) पाँच

(ग) भाव का नाम है -

(1) मोर (2) प्रेम ✓ (3) चावल (4) गाजर


(घ) स्थान का नाम है -

(1) नेहा (2) रुपया (3) चिड़ियाघर ✓ (4) गरमी

**2. संज्ञा के भेदों के नाम लिखिए :-**

व्यक्तिवाचक संज्ञा जातिवाचक संज्ञा भाववाचक संज्ञा

**3. नीचे दिए गए चित्रों को देखकर उनके नाम लिखिए :-**




(क) लड़की (ख) फूल

(ग) कमीज़ (घ) बैल

(ड) महिला (च) लड़का

(छ) फल (ज) कुरसी

**4. नीचे लिखे संज्ञा शब्दों को छाँटकर सही स्थान पर लिखिए :-**

{ लालकिला, सचिन, रमन, अच्छाई, फूल, गर्व, फल, कुतुबमीनार, कंप्यूटर , सेलफ़ोन सफलता, कुरसी, कल्पना, मिठास, मुंबई, शाहरुख, लड़ाई, अमेरिका, अनीता, हरिद्वार }

| **व्यक्ति** | **वस्तु** | **स्थान** | **भाव** |
|---|---|---|---|
| सचिन | फूल | मुंबई | अच्छाई |
| रमन | फल | लालकिला | लड़ाई |
| शाहरुख | कंप्यूटर | हरिद्वार | गर्व |
| अनीता | कुरसी | कुतुबमीनार | सफलता |
| कल्पना | सेलफ़ोन | अमेरिका | मिठास |

**क्रियात्मक कार्य**

**चित्र - वर्णन**

**1. चित्र को देखकर 40 से 45 शब्दों में उसका वर्णन कीजिए :-**



यह चित्र सुंदर से बगीचे का है| सभी लोगों ने रंग-बिरंगे कपड़े पहने हैं| बगीचे में खूब हरियाली है| रमेश ने उल्टी टोपी पहनी है| सीमा गिटार बजा रही है| सभी मित्र सीमा को ध्यान से देख रहे हैं| कुरसी पर मीत के पापा बैठे हैं| वे सभी बच्चों को आपस में खेलते हुए देख रहे हैं| टिंकू और सपना स्कूटर चला रहे हैं| कुछ बच्चे आइसक्रीम वाले से आइसक्रीम खरीद कर खा रहे हैं| अजय, अखिल और नीता बास्केटबॉल खेल रहे हैं| मैदान में हरी-भरी घास और घना सा पेड़ दिख रहा है| एक लड़का और लड़की अपने कुत्ते के साथ टहल रहे हैं| यह बहुत ही मनोरम चित्र है|

**अपठित गद्यांश**

**2. अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

भारतीय सैनिक रघुवीर ने देखा कि पाकिस्तानी सेना के टैंक आगे बढ़े चले आ रहे थे| उसने हिम्मत से काम लिया| एक जीप में सवार होकर वह टैंकों की ओर बढ़ा| उसने बारी-बारी से टैंकों पर प्रहार करना शुरू किया| देखते ही देखते कई टैंक ध्वस्त हो गए| इस बीच पाकिस्तानी सेना ने रघुवीर की जीप को चारों ओर से घेर लिया और उस पर हमला बोल दिया| रघुवीर इस युद्ध में घायल हो गया लेकिन वह मरते दम तक दुश्मनों से लड़ता रहा| अंत में वह देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गया|

(क) भारतीय सैनिक का क्या नाम था?

उत्तर भारतीय सैनिक का नाम रघुवीर था|

(ख) रघुवीर ने किसके टैंकों को आते देखा?

उत्तर रघुवीर ने पाकिस्तानी सेना के टैंकों को आते देखा|

(ग) रघुवीर किसमें सवार होकर आगे बढ़ा?

उत्तर रघुवीर एक जीप में सवार होकर टैंकों की ओर बढ़ा|

(घ) रघुवीर की जीप को किसने घेर लिया था?

उत्तर पाकिस्तानी सेना ने रघुवीर की जीप को चारों ओर से घेर लिया था|

(ङ.) गद्यांश में से समान अर्थ ढूँढ़कर लिखिए :-

उत्तर साहस - हिम्मत

(च) गद्यांश में से कोई एक संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए|

**उत्तर** रघुवीर

********